नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 176/2021
Dt-12-6-2021

जिला पदाधिकारी,
मधुबनी।

विषयः— **मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर से प्राप्त कोविड—19 संक्रमण से मृत व्यक्तियों की सूची में अंकित विवरण को सत्यापन के उपरांत कोविड—19 पोर्टल पर अंकित कराने के संबंध में।**

महाशय,

क्षेत्र भ्रमण के क्रम में कोविड—19 संक्रमण से मृत व्यक्तियों की जानकारी मुझे प्राप्त हुई है। कोविड—19 पोर्टल पर उन सबों के नाम अंकित होने के उपरांत ही मृतक के आश्रित को अनुग्रह अनुदान राशि प्राप्त हो सकेगा। मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर के प्रखंड क्रमशः झंझारपुर, लखनौर एवं मधेपुर से प्राप्त सूची संलग्न है।

दिनांक 8.6.2021 को राज्य मंत्रिपरिषद के निर्णय में राज्य के निवासी जिनकी मृत्यु कोविड—19 से बिहार में हुई हो उनके निकटतम आश्रित को 4 लाख रूपया अनुग्रह अनुदान राशि का भुगतान आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से किये जाने का प्रस्ताव है।

वैसे कोविड—19 संक्रमण से मृत व्यक्तियों का विवरण कोविड—19 पोर्टल पर अंकित है, यदि संलग्न सूची में से किन्हीं का विवरण कोविड—19 पोर्टल पर अंकित नहीं है तो उनका सत्यापन कराने के उपरांत अंकित कराना आवश्यक है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न सूची के संदर्भ में वंचित व्यक्तियों का विवरण सत्यापन के उपरांत कोविड—19 पोर्टल पर अंकित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना चाहेंगे, ताकि राज्य सरकार द्वारा प्रदत अनुग्रह अनुदान उनके आश्रित को प्राप्त हो सके।

शुभकामनाओं के साथ,

भवदीय

Nitish Mishra 12.6.21

(नीतीश मिश्रा)

संलग्न—मृत व्यक्तियों की सूची।

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in